खण्ड - 8 संख्या-8/1/2/3/4

# एकादश बिहार विधान सभा

## एकादश बिहार विधान सभा

### (विधानसभा वादवृत)

**(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोतर)**

दिन शुक्रवार तिथि 20 फरवरी 1997

[redacted]

**दिन सोमवार, तिथि 24 फरवरी 1997 ई०**

**दिन मंगलवार, तिथि 25 फरवरी 1997 ई०**

**दिन बुधवार, तिथि 26 फरवरी 1997 ई०**

**दिन वृहस्पतिवार, तिथि 27 फरवरी 1997 ई०**

सत्यमेव जयते

लॉ भोलटेज और हाई भोलटेज वे दोनों प्रोबलम होता है। इसलिय आपका यह गलत सुचना है। हमारा 400 मेगावाट का हिस्सा है, वह हम 24 घंटा लेते है। एक बात अलग है कि वहां पैसे के बकाया के चलते 2 युनिट को बन्द कर दिया था। एल०सी० 15 करोड़ था, उनका दवाव था 25 करोड़ करने का, उसको कर दिया गया हैं। अब वे हम दोनों यूनिटों को चालू करके दे रहे हैं। फरक्का में जो हमारा हिस्सा है, वही हम लेंगे। वेस्ट बंगाल और उड़िसा जो इर्स्टन का है, वह हम चाह करके भी हिस्सा नहीं ले सकते हैं और उसके लिये वे ऑफ पीक आवर में हमको पीक आवर के पेमेन्ट पर चाहते हैं जबर्दस्ती हमको बिजली देना, वह हम चाह करके भी बिजली नहीं ले सकते हैं।

**श्री सुशील कुमार मोदी** :- अध्यक्ष महोदय, ये कह रहे हैं कि बिजली का कोई संकट नहीं है। पटना को छोड़ करके पूरे बिहार में कहीं बिजली नहीं है और ये कह रहे हैं कि कहीं बिजली का संकट नहीं है। सरकार कह सकती है कि पुरे बिहार में 24 घंटा बिजली की आपूर्ति हो रही है ?

**श्री ज़गदानंद सिंह** :- महोदय, अंतिम में जवाब मैं नेता, विरोधी दल को दे दूँ। फिर मैं आपसे कह रहा हूँ कि 12 घंटा को विजली एग्रीकल्चर सेक्टर में हिन्दुस्तान में इससे अधिक कहीं नहीं देता हैं। हमलोग जो है 12 घटा बिजली दे रहे हैं।

**श्री रामाश्रय प्रसाद सिंह** :- अध्यक्ष महोदय, पूरे बिहार में पटना को छोड़कर कहीं बिजली नहीं मिल रही है और माननीय मंत्री जी कह रहे हैं कि बिजली का संकट नहीं है।

**अध्यक्ष** :- श्री रामाश्रय बाबू, यहां क्योश्चन-अन्तर न होगा, डिसकसन नहीं न होगा। अब तारांकित प्रश्न लिये जायेंगे।

**श्री महावीर प्रसाद** :- महोदय, इसके लिये समय चाहिये।

( व्यवधान )

**श्री राम लषण राम रमण** :- महोदय, मेरे प्रश्न का क्या हूआ ?

**अध्यक्ष** :- आपके प्रश्न के लिये समय चाहिये, मंत्री ने समय मांगा है ।

**श्री राम लाल सिंह** :- क्या मंत्री, स्वास्थ्य, चि० शि० एवं परिवार कल्याण विभाग, यह वतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह वात सही है कि राम सिहासन सिंह, मलेरिय इन्सपेक्टर, सासाराम में 19 वर्षों से पदस्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि किसी भी सरकारी पदधाण्किारी को एक स्थान पर तीन वर्ष से अधिक रखने का प्रावधान नहीं है।

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार श्री सिंह को स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कवतक नहीं, तो क्यों ?

**श्री महावीर प्रसाद** :- 1. उत्तर स्वीकारात्मक है । श्री राम सिंहासन सिंह, मलेरिया निरीक्षक, सासाराम में दिनांक 31.1.78 से पदस्थापित हैं ।

2. यह सही है कि किसी भी पदाधिकारी को एक जिला में तीन वर्षों से अधिक दिनों तक पदस्थापित रहने पर स्थानान्तरण करने का प्रावधान हैं ।

3. इनका स्थानान्तरण एक महीना के भीतर कर दिया जायेगा ।

**श्री नरेन्द्र नारायण यादव** :- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बलाने की कृपा करेंगे कि -'

(1) क्या यह बात सही है कि विद्युत प्रमंडल, मधेपुरा के अधीन प्रखंड मुख्यालय आलमनगर के निकट विद्युत उप-केन्द्र वर्ष 1985 से बनकर तैयार है, परन्तु इसे चालू नहीं किया गया है ;